# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–01.08.2025 (संध्या–1900 बजे)
## मुख्य समाचार

1. **राष्ट्रपति ने धनबाद में आइआइटी–आइएसएम के 45वें दीक्षांत समारोह को किया संबोधित, अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के साथ युवाओं को मार्गदर्शन देने की प्रतिबद्धता पर भी दिया जोर।**
2. **झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र शुरु, पहले दिन दिवंगतों को दी गयी श्रद्धांजलि, 4 अगस्त को पेश होगा अनुपूरक बजट।**
3. **मानसून सत्र को लेकर भाजपा विधायक दल की हुई बैठक, सरकार को विभिन्न मुद्दों पर घेरने की बनी रणनीति।**
4. **रक्षा मंत्रालय की ओर से रांची में डिफेंस एक्सपो का होगा आयोजन, रक्षा और एमएसएमई से जुड़े सेक्टर लेंगे भाग।**
5. **राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रांची टीम का चयन ट्रायल 4 अगस्त को, 23 साल तक के सभी पहलवान ले सकेंगे हिस्सा।**

*******************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि अत्याधुनिक अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के साथ ब्राइट यंग माइंड को मार्गदर्शन देने की प्रतिबद्धता भी होनी चाहिए। वे अपने झारखंड दौरे के दूसरे और आखिरी दिन आईआईटी–आईएसएम के 45वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रही थीं।

कार्यक्रम को केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मंत्री सुदिव्य कुमार ने भी संबोधित किया। श्रीमती मुर्मू ने दीक्षांत समारोह में बीस प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया। राष्ट्रपति ने तकनीकी संस्थान के शताब्दी वर्ष समारोह के उपलक्ष्य में डाक टिकट भी जारी की।

*******************

झारखण्ड विधानसभा का मानसून सत्र आज से शुरू हो गया है। पहले दिन दिवंगतों को श्रद्धांजलि देने के बाद सदन की कार्यवाही सोमवार सवेरे 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी। इससे पहले सदन को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो ने लोकतंत्र की आदर्श परंपराओं के निर्वाह, सदन में रचनात्मक संवाद और सहभागिता की अहमियत पर बल दिया।

*******************

झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र में भाग लेने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज एक बार फिर दिल्ली रवाना हो गए। जानकारी के अनुसार दिशोम गुरु शिबू सोरेन की तबीयत ठीक नहीं है और उनके स्वास्थ्य में लगातार उतार–चढ़ाव देखा जा रहा है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री 30 जुलाई को ही दिल्ली से रांची लौटे थे।

*******************

राज्य की प्रमुख विपक्षी पार्टी भाजपा मानसून सत्र के दौरान सत्ता पक्ष को घेरने की तैयारी में है। इसे लेकर आज रांची में भाजपा विधायक दल की बैठक हुई। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में भाजपा के मुख्य सचेतक नवीन जायसवाल ने राज्य सरकार पर कई गंभीर आरोप लगाए और आगामी सत्र में विपक्ष की रणनीति को साझा किया।

*******************

रक्षा मंत्रालय की ओर से रांची में भव्य डिफेंस एक्सपो का आयोजन किया जाएगा। रांची देश का तीसरा शहर है, जहां डिफेंस एक्सपो का आयोजन हो रहा है। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बताया कि एक्सपो में रक्षा और एमएसएमई से जुड़े सेक्टर भाग लेंगे और अपनी प्रदर्शनी भी लगाएंगे। श्री सेठ कल इस सिलसिले में विस्तार से जानकारी देंगे।

*******************

राज्य के आकांक्षी जिलों में आज नीति आयोग के संपूर्णता अभियान के तहत सम्मान समारोह व आकांक्षा हाट का आयोजन किया गया। रामगढ़ जिले में इसका उद्घाटन जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी और उप विकास आयुक्त आशीष अग्रवाल ने किया। उप विकास आयुक्त ने बताया कि समाज के अंतिम पायदान तक बुनियादी सुविधाओं का लाभ पहुंचाना इस कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य है।

*******************

खूंटी जिले में पुलिस ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीएलएफआई के एक नक्सली के अलावा चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। जिले के पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो ने बताया कि नक्सली की गिरफ्तारी खूंटी थाना के चिरुहातू से की गयी है। उसके पास से हथियार भी बरामद किये गये हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस को चार डकैतों को भी गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। एसपी ने बताया कि पुलिस ने ग्यारह सौ किलो डोडा भी बरामद किया है।

*******************

सेना की जमीन की फर्जी खरीद–बिक्री से जुड़े चर्चित लैंड स्कैम मामले में आरोपी अमित अग्रवाल को सुप्रीम कोर्ट ने जमानत दे दी है। अब वह जेल से बाहर आ सकेंगे, क्योंकि इससे पहले जिन मामलों में उन्हें गिरफ्तार किया गया था, उन सभी में उन्हें जमानत मिल चुकी है।

*******************

हजारीबाग के शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मरीजों का डिजिटल रिकार्ड तैयार करने के लिए इलाज की नयी व्यवस्था शुरु की गयी है। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

*******************

71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों के विजेताओं की घोषणा आज की गयी। नयी दिल्ली में जूरी के अध्यक्ष आशुतोष गोवारिकर और पी सेसादरी ने इसकी घोषणा की। सर्वेश्रेष्ठ फिल्म समीक्षक का पुरस्कार उत्पल दत्ता को दिया गया। उन्हें फिल्म असामीज के लिए यह पुरस्कार दिया गया है। श्री दत्ता आकाशवाणी रांची में सहायक निदेशक प्रोग्राम के पद से सेवानिवृत हुए हैं।

*******************

राज्य में फिलहाल बारिश होने का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने 4 अगस्त तक राज्य के देवघर, दुमका, गोड्डा, पाकुड़, साहिबगंज, गिरिडीह, धनबाद और जामताड़ा के साथ–साथ रांची, रामगढ़, हजारीबाग, गुमला, बोकारो और खूंटी में भारी वर्षा की संभावना जताई है। इन इलाकों में तेज हवा के साथ वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक मानसून सीजन में अब तक राज्य में सामान्य से 50 प्रतिशत अधिक बारिश दर्ज की गयी है।

*******************

लोहरदगा में 10 और 11 अगस्त को आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय अंडर 23 प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रांची टीम का चयन ट्रायल 4 अगस्त को रांची के खेलगांव स्थित गणपत राय इनडोर स्टेडियम में होगा। ट्रायल में 23 साल तक के सभी पहलवान भाग ले सकेंगे।

***************